WESTERN COALFIELDS LIMITED
A Miniratna Company

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 अगस्त, 2026

अंक : 529

## टीम WCL ने हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में 15 अगस्त, 2026 को उत्साह एवं उमंग के साथ "80 वाँ स्वतंत्रता दिवस" समारोह मनाया गया।

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ हेमंत शरद पांडे ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के उपरांत WCL के सुरक्षा गारद की परेड का निरीक्षण किया।

तत्पश्चात, टीम WCL को संबोधित करते हुए, उन्होंने अपने उद्बोधन में कंपनी के उत्पादन, उत्पादकता, पर्यावरण संरक्षण, खनन कार्यों में सुरक्षा, सीएसआर की गतिविधियों आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कंपनी में नई तकनीक और नए उपकरणों के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि, विगत वर्षों की तरह, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड इस वित्तीय वर्ष में भी अपना उत्पादन का लक्ष्य पूर्ण करेगा। उन्होंने कर्मियों से आह्वान किया कि कोयला उत्पादन के माध्यम से देश की उन्नति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुरक्षा कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं बैज प्रदान किया।

इसके उपरान्त, उन्होंने सांस्कृतिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्मियों तथा दसवीं, बारहवीं एवं उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने वाले कर्मियों के बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाली खदानों एवं क्षेत्रों को भी पुरस्कृत किया गया। बेस्ट क्षेत्र के पुरस्कारों की श्रेणी में माजरी क्षेत्र को प्रथम, वणी क्षेत्र को द्वितीय तथा उमरेड क्षेत्र को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान WCL के निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष ने WCL को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (PMIS) के सफल क्रियान्वयन में उत्कृष्ट नेतृत्व, प्रभावी कार्यान्वयन और उच्च गुणवत्ता वाली पहल के लिए कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित "P M I S Recognition of Partner Company Awards" के तहत प्राप्त "Best PSU Partner" के राष्ट्रीय सम्मान की ट्रॉफी सीएमडी को सौप दी। उल्लेखनीय है की, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने यह सम्मान कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय की सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल द्वारा WCL की ओर से यह सम्मान ग्रहण किया था। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में श्री घोष ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनये देते हुए कंपनी के वित्त्तीय उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया।

WCL संचालन समिति के सदस्य के ओर से श्री सी जे जोसेफ ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए, भारतीय स्वतंत्रता के इतिहास पर प्रकाश डाला।

WCL मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती रीना पांडे, उपाध्यक्षा श्रीमती श्रुति परांजपे, WCL के निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री संदीप परांजपे, सीवीओ श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, WCL संचालन समिति के सदस्य, कल्याण मंडल के सदस्य, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्यालय के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय महाप्रबंधक एवं कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किए गए।













## स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ













## सर्वोत्कृष्ट कार्यों का तथा विजेताओं का सम्मान







































वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।